दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 334 मुरादाबाद 06 April 2022 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## देश की सुरक्षा को खतरा बता सरकार ने ब्लॉक किए 22 यूट्यूब चैनल, 4 पाकिस्तान से चल रहे थे



केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 22 यूट्यूब चैनलों के भारत में प्रसारण पर रोक लगा दी है। इन चैनलों को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कर दिया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। इन चैनलों को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में ब्लॉक किया गया है। आईटी नियम, 2021 के तहत पहली बार 18 भारतीय YouTube समाचार चैनल ब्लॉक किए गए हैं। इसके अलावा 4 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल भी ब्लॉक किए गए हैं। यूट्यूब चैनलों ने दर्शकों को गुमराह करने के लिए टीवी समाचार चैनलों के लोगो और झूठे थंबनेल का इस्तेमाल किया। इन चैनलों के अलावा 3 ट्विटर अकाउंट, 1 फेसबुक अकाउंट और 1 न्यूज वेबसाइट को भी ब्लॉक कर दिया गया है। इससे पहले मंत्रालय ने जनवरी में 35 चैनलों को ब्लॉक कर दिया था।

इसके अलावा दो वेबसाइटों पर भी रोक लगाई गई थी। सरकार का कहना था कि ये चैनल और वेबसाइट भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैला रहे थे। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्वा चंद्रा ने कहा था कि ये चैनल कॉर्डिनेटेड तरीके से भारत के खिलाफ एजेंडा चलाने में जुटे थे। उनका कहना था कि भारतीय इंटेलिजेंस एजेंसियों ने इन पर नजर रखी थी और उनकी रिपोर्ट्स के बाद ही ऐक्शन लिया गया है।

## भाजपा नेताओं से पीएम मोदी की अपील, अपने इलाकों में तालाब खोदने में करें श्रम दान



प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने-अपने इलाकों में ज्यादा से ज्यादा तालाब खोदने के लिए %श्रम दान% करें। मंगलवार को अंबेडकर भवन में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान पीएम मोदी ने यह बात कही। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 7 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सामाजिक न्याय पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अब लगातार तापमान बढ़ रहा है और ऐसे में जल की समस्या भी बढ़ने वाली है। इसलिए हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं को उनके इलाके में ज्यादा से ज्यादा तालाब बनाने के लिए श्रम दान करना चाहिए। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सामाजिक न्याय पखवाड़े के दौरान कई तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे। एक दिन हम आंगनवाड़ी जाएंगे और एक दिन तालाब की सफाई का काम होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों से भी यह काम करने को कहा है। इसके अलावा पहले भी सांसदों से कहा गया था कि वे अपने इलाकों में कम से कम 15 दिन सेवा का काम करें। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष कार्यक्रम का ऐलान किया है। इस दिन प्रधानमंत्री मोदी भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। 7 अप्रैल को आयुष्मान भारत प्रोग्राम और जन औषधि केंद्र का प्रोग्राम होगा। 8 अप्रैल को पीएमएवाई, 9 अप्रैल को हर घर जल और 11 तारीख को ज्योतिबा फुले से जुड़े कार्यक्रम होंगे।

## राज्यसभा में दिल्ली नगर निगम विधेयक पेश, अमित शाह ने कहा- दिल्ली सरकार कर रही एमसीडी के साथ सौतेला व्यवहार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2022 पेश किया। विधेयक राष्ट्रीय राजधानी के तीन नगर निगमों को एकजुट करने के लिए दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 में संशोधन की मांग करता है। विधेयक को लोकसभा ने 30 मार्च को पारित किया था। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं प्रस्ताव करता हूं कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 का संशोधन करने के लिए विधेयक पर लोकसभा द्वारा पारित रूप में विचार किया जाए। दिल्ली सरकार का सौतेला व्यवहार सभी 3 एमसीडी के कुशल कामकाज में बाधा डालता है। यदि राज्य / केंद्र शासित प्रदेश सरकारें नागरिक निकायों के साथ सौतेला व्यवहार करती हैं, तो न तो पंचायती राज और न ही शहरी स्थानीय निकाय सफल होंगे। जो लोग हमें सत्ता के भूखे कहते हैं, उन्हें खुद को आईने में देखना चाहिए। दिल्ली म्यूनिसिपल बिल किसी भी तरह से संघीय ढांचे पर हमला नहीं है।

### दिल्ली से संबंधित कोई भी कानून लाने का पूरा अधिकार

इससे पहले लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इस विधेयक को एमसीडी को आत्मनिर्भर बनाने और उसकी सेवाओं को चुस्त-दुरूस्त करने के लिए लाया गया है। उन्होंने दिल्ली सरकार पर एमसीडी के साथ सौतेला व्यवहार करने और राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुरूप हिस्सेदारी नहीं देने का आरोप लगाया। इससे पहले अमित शाह ने MCD विधेयक 2022 पेश करते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुसार बिल्कुल सही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीनों नगर निगम को संगठित कर फिर से एक दिल्ली नगर निगम का गठन किया जाए।

## संघमित्रा मौर्य जब संसद में पूछ बैठीं गलत सवाल, सभापति ने टोका तो सकपका कर फेंका पर्चा




उत्तर प्रदेश के बदायूं से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद मंगलवार को लोकसभा में उस समय कुछ पल के लिए असहज हो गईं, जब गलती से वह गलत सवाल पूछ बैठीं। स्पीकर के टोकने पर उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ तो संघमित्रा मौर्य ने अपना सवाल बदला। संघमित्रा मौर्य समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी हैं। लोकसभा में मंगलवार को जीरो आवर के दौरान सभापति के स्थान पर बैठे राजेंद्र अग्रवाल ने संघमित्रा मौर्य को अपना सवाल पूछने को कहा। संघमित्रा एक कागज लेकर खड़ी हुईं और उसे पढ़ना शुरू किया। उन्होंने कहा, "मैं जानना चाहती हूं कि अभी तक युवा कार्यक्रमों का जो प्रयोजन हुआ था उसमें पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की भागीदारी कितनी थी, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में क्या था। महिलाओं की संख्या क्या थी और इन कार्यक्रमों के आयोजनों से निचले स्तर के लोगों को हुआ है क्या?" इस बीच अग्रवाल ने पटल पर रखे सवाल को देखकर संघमित्रा को टोका और कहा, "संघमित्रा जी विषय बदल दिया है आपने, सम्राट अशोक के बारे में लिखा है कुछ।" यह सुनकर संघमित्रा मौर्य को अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्होंने तुरंत अपने हाथ में मौजूद उस पर्चे को बेंच पर रख दिया, जिससे वह सवाल पूछ रही थीं। संघमित्रा मौर्य के पास सवाल लिखित में नहीं था। वह कुछ पल के लिए असहज हो गईं, लेकिन अपना प्रश्न याद करते हुए पूछा। संघमित्रा ने कहा, "सभापति महोदय, मैंने आपके माध्यम से पिछले सत्र में भी मांग की थी, कि सम्राट अशोक की जयंती पर अवकाश की घोषणा की जाए, किंतु मुझे पत्र से सूचित किया गया कि सीमित संख्या में ही राष्ट्रीय अवकाश घोषित किए जा सकते हैं तो मैं सरकार से मांग करती हूं कि चैत्र मास की अष्टमी को जिस दिन सम्राट अशोक का जन्म हुआ था उस दिन को सम्राट अशोक जयंती के नाम से घोषणा की जाए ताकि जो भी लोग सम्राट अशोक की जयंती का आयोजन करना चाहते है वह कर सकें, एक दिन सुनिश्चित हो सके, जिस तरह बिहार में हुआ है, पूरे देश में हो सके।"

# खेरा मोड के पास दो बाईको की जोरदार भिड़ंत से तीन लोग घायल



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- जनपद के थाना कमासिन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरा के खेरा मोड से है जहां पर दो बाईकों की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें तीन व्यक्ति बुरी तरीके से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों के द्वारा यह जानकारी घायलों के परिजनों को दी गई । जिससे घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे और अपने निजी वाहन से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमासिन ले गए जहां पर उनका उपचार किया गया और हालत ज्यादा गंभीर होने की वजह से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार भानु प्रताप सिंह और पवन यादव दवा लेने खेरा गांव गए हुए थे घर वापसी के दौरान जैसे ही इनकी बाइक खेरा मोड पहुची कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से सीधी टक्कर हो गई मिली जानकारी के अनुसार विशंभर निषाद मां सिंह वाहिनी के दर्शन कर वापस अपने घर दांदो जा रहा था कि अचानक यह हादसा हो गया।

# बीती शाम एंटी रोमियो पुलिस के द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-बांदा जनपद के बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन कस्बे में एंटी रोमियो पुलिस के द्वारा दादो तिराहा के पास चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसके चलते शोहदों के खिलाफ एंटी रोमियो पुलिस रोड पर उतरकर की कार्यवाही और रोड में बेवजह घूम रहे लड़कों को पुलिस के द्वारा दी गई हिदायत। और कहा गया कि बेवजह रोड में घूमते दिखाई दिए तो पुलिस द्वारा की जाएगी कठोर कार्यवाही जिसके चलते शोहदों में हुआ खौफ का माहौल। कस्बे में एंटी रोमियो पुलिस के द्वारा दादो तिराहा के पास चेकिंग अभियान चलाते हुए शोहदों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश इस दौरान पुलिस के द्वारा वाहन चालकों की 9 गाड़ियों के कटे चालान और पुलिस ने वसूला समन शुल्क इस दौरान एंटी रोमियो पुलिस टीम में मौजूद रही प्रियंका चौधरी व निशा कुमारी एच सी-भूपेंद्र सिंह चौकी प्रभारी दांदो-ईश्वर चंद्र उप निरीक्षक-विजय कुमार कुशवाहा दरोगा-केशवचंद्र व हरिगेंदर सिंह कांस्टेबल हिमांशु सिंह चौहान, मानवेंद्र, अमन सिंह मौजूद रहे अनिल कुमार तिवारी .मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यार्थियों के लिए अप्रेंटिस मेला 21 अप्रैल को

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्री राम प्रकाश ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीबी गंज के परिसर में दिनांक 21 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 10.30 बजे सायं 3 बजे तक एक दिवसीय अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनपद बरेली के सरकारी, सहकारी, निगम एवं प्रतिष्ठित निजी उद्योग/अधिष्ठान प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। समस्त अभ्यार्थियों को मेले में प्रतिभाग करने हेतु भारत सरकार के अप्रेंटिस पोर्टल www.apprenticeshipindia.org पर अपना पंजीकरण करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मेले में सम्मिलित होने वाले समस्त प्रशिक्षार्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों, अप्रेंटिस रजिस्ट्रेशन व उसकी प्रति सहित अप्रेंटिस मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

**अन्य खबरों के लिए देखे**
**WWW.KNLSIVE.COM**

# पत्रकार समाज कल्याण समिति बरेली द्वारा जिला कलेक्टर बरेली राष्ट्रपति को संबोधित करते ज्ञापन दिया

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में पत्रकार समाज कल्याण समिति बरेली ने डी एम बरेली के माध्यम से राष्ट्रपति को पत्रकार समाज कल्याण समिति बरेली की टीम ने सौंपा ज्ञापन* बरेली बीते एक हफ्ते में तीन अलग अलग जिलों में पत्रकार साथियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिनमें बलिया जि़ले में 12 वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर लीक होने की खबर चलाने पर पत्रकार पर पर्ज़ी मुकदमा लिख जेल भेज दिया गया। मिर्जापूर के विद्यालय में मिड डे मील में गड़बड़ी की खबर चलाने पर पत्रकार के खिलाफ मुकदमा लिख दिया गया। इसी प्रकार आगरा में भी एक पत्रकार साथी पर मुकदमा लिख जेल भेज दिया गया। पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में पत्रकार समाज कल्याण समिति बरेली के द्वारा अपनी मांगों को लेकर डी एम बरेली को ज्ञापन सौंपा गया है। पत्रकार समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर समस्त जि़लों में ज्ञापन सौंपकर पत्रकार साथियों पर से फर्जी मुकदमों हटाकर पत्रकार सुरक्षा कानून बिल लाने की मांग की गई है। मांगों में केन्द्र सरकार से इन मामलों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने की मांग की पत्रकार सुरक्षा कानून बिल पारित करें जिससे हर पत्रकार साथी अपने परिवार के साथ सुरक्षित रहे इस मौके पर पत्रकार समाज कल्याण समिति बरेली, हनीफ मंसूरी जिला अध्यक्ष बरेली , महिला बिंग ज़ायरा खान मंडल अध्यक्ष बरेली , महिला बिंग शैफाली रस्तोगी मंडल प्रभारीबरेली ,वरिष्ठ,पत्रकार तक़ी रज़ा,गौतम,नदीम, बिक्की मोवीन, रफ़ी,अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद ऋण योजना के आवेदन आमंत्रित

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- उप/संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री ऋषि रंजन गोयल ने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा संचालित अनुदान आधरित ऋण योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद ऋण योजना के आवेदन पत्र जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व एक जनपद एक उत्पाद के आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल diupmsme.upsdc.gov.in पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन के आवेदन पत्र kviconline.gov.in/pmegp पर भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की भांति मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में सेवा/उद्योग क्षेत्र हेतु क्रमशः 10 लाख रुपये व 25 लाख रुपये अधिकतम परियोजना लागत हो सकेगी जबकि ओडीओपी के अन्तर्गत अधिकतम परियोजना लागत 2 करोड़ रुपये निर्धारित है। योजनाओं हेतु योग्यता व अन्य नियम व शर्तें आवेदन भरते समय पोर्टल पर देखी जा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए श्री कौशल श्रीवास्तव दूरभाष नम्बर 8447142678, श्री अभिषेक वर्मा दूरभाष नम्बर 9897571080 एवं श्री महेन्द्र पाल सिंह दूरभाष नम्बर 7351035580 से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# खादी ग्रामोद्योग की पहल से जनपद के बेरोजगार नवयुवक/नवयुवतियों हेतु स्वरोजगार का सुनहरा मौका

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी योजना) के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने हेतु बेरोजगार व्यक्तियों (जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो) से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु विनिर्माण कार्य प्रोजेक्ट कास्ट 25 लाख रुपए तथा सेवा उद्योग हेतु प्रोजेक्ट कास्ट 10 लाख रुपए तक आवेदन कर सकते हैं। बैंक द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट की धनराशि का 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के पुरुष एवं 5 प्रतिशत अन्य सभी आरक्षित वर्ग को स्वयं निजी अंशदान के रूप में वहन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी कार्यालय में सात दिवस के अन्दर जमा करना होगा। उपरोक्त योजना में बैंकों द्वारा स्वीकृत/वितरित होने वाली इकाईयों को सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान व अन्य सभी आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को 35 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान का लाभ अनुमन्य है। पं0 दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ग्रामोद्योग सेक्टर में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों को उक्त योजना में अनुदान के अतिरिक्त तीन वर्ष तक (अधिकतम 13 प्रतिशत) के ब्याज का लाभ खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बैंकों के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। ऑनलाईनआवेदन हेतु वेबसाइट www.kviconline.gov.in/pmegp select Agency-KVIB पर कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 35 यू/4ए, रामपुर बाग व दूरभाष नम्बर 0581-2567395 पर सम्पर्क कर सकते है। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री अजय पाल ने दी है।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
**WWW.KNLSIVE.COM**

# प्रेम वंडर लैंड के सामने क्रेन की टक्कर से ठेले वाले की मौत

मुरादाबाद - मंगलवार दोपहर कटघर थाना क्षेत्र स्थित प्रेम वंडर लैंड के पास क्रेन की चपेट में आकर ठेले वाले की मौत हो गई। उसकी पांच माह पहले ही शादी हुई थी। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। शव देखकर बुजुर्ग पिता बदहवास हो गए। गमगीन माहौल में पीएम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। हादसे में जान गंवाने वाला होरीलाल पुत्र नत्थू डियर पार्क स्थित बसंतपुर रामराय गांव का रहने वाला था। वह खीरे का ठेला लगाता था। मंगलवार दोपहर वह खीरे का ठेला लेकर रामपुर दोराहा जा रहा था। प्रेम वंडर लैंड के सामने पुल के पास क्रेन ने पीछे से टक्कर मार दी। इंस्पेक्टर कटघर आरपी शर्मा ने बताया कि क्रेन चालक को पकड़ लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बड़े भाई चंद्रसेन ने बताया कि कुछ समय पहले हादसे में मां कमला देवी की भी मौत हो गई थी। कुछ समय के भीतर भाई और मां की मौत ने परिवार को बुरी तरह से तोड़ दिया। बुजुर्ग नत्थूलाल का तो बुरा हाल था। रिश्तेदार और करीबी उन्हें किसी तरह ढांढस बंधा रहे थे।

# असालतपुरा में घर के अंदर गोकशी करने का आरोपी भेजा गया जेल


मुरादाबाद - मुरादाबाद। गलशहीद थाना क्षेत्र के असालतपुरा में घर के अंदर गोकशी करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में उसने गोकशी करने व आन डिमांड गोमॉस सप्लाई महिलाओं द्वारा स्कूटी से किए जाने की बात स्वीकार की। जेल भेजे गए आरोपी का नाम सलमान पुत्र वसीउररहमान है। वह भूसेरो वाली गली असालतपुरा थाना गलशहीद का रहने वाला है। इससे पूर्व पुलिस दो सगी बहनों शूबी फरनाज पुत्री शमशाद पत्नी मोहम्मद इमरान व कैफी नूर पुत्री शमशाद निवासी डेहर मस्जिद वाली गली पक्का बाग थाना गलशहीद को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम एसएसपी बबलू कुमार द्वारा घोषित किया गया था।

एसओ गलशहीद लोकेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि फरार अन्य सदस्यों को भी जल्द ही जेल भेजा जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# संघ कार्यकर्ताओं का स्वागत करने पर मुस्लिम डॉक्टर की हत्या का फरमान, बांटे पर्चे

मुरादाबाद में संघ कार्यकर्ताओं का स्वागत करने की वजह से एक मुस्लिम डॉक्टर के खिलाफ फतवा जारी कर दिया गया है। सामाजिक बहिष्कार के साथ ही डॉक्टर की हत्या करने वाले को एक लाख रुपए इनाम देने का भी घोषणा की गई। आरोपी ने पर्चे लिखकर दुकानों और घरों में डाल दिए। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर माफी का है। दरअसल पिछले दिनों हिंदू नववर्ष के अवसर पर संघ कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन किया था। इस दौरान डॉ. मोहम्मद निजाम भारती ने संघ कार्यकर्ताओं पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। बताया जा रहा है कि निजाम भारती भाजपा से जुड़े हुए हैं। संघ कार्यकर्ताओं पर फूलों की बारिश करना इमरान नाम के शख्स को नागवार गुजरा। उसने डॉक्टर के खिलाफ पर्चे लिखकर रात को इलाके में बांट दिए। डॉक्टर



निजाम को गैर मुस्लिम घोषित करते हुए उसने सामाजिक बहिष्कार की अपील की। अपील की गई है कि निजाम को मस्जिदों में ना घुसने दिया जाए। इतना ही नहीं आरोपी ने डॉक्टर की हत्या का फरमान भी जारी कर दिया और कहा कि ऐसा करने वाले को एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। डॉ. निजाम ने पुलिस से शिकायत की तो इलाके का सीसीटीवी फुटेज जांचा गया। इसके आधार पर इमरान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इमरान ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि लड़के सट्टा खेलते हैं, उसको लेकर मैंने चिट्ठी डाली थी। एसपी विद्यासागर मिश्र ने कहा कि डॉक्टर निजाम ने एक तहरीर दी है, जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया है। उन्होने तहरीर में कहा है कि एक व्यक्ति इमरान ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया है। पुलिस ने केस दर्ज किया है और आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

# टिमिट के तीन छात्रों का एचआर मैनेजर पद पर चयन

मुरादाबाद -टिमिट के 2022 पासिंग आउट बैच के 3 छात्रों को मल्टीनेशनल कंपनी आर्टेक इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने कोर एचआर जॉब के लिए चयनित कर ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किए हैं। कम्पनी की ओर से सीनियर एचआर स्मृति रहेजा ने कम्पनी व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाइन प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों के सिलेक्शन राउंड ऑनलाइन आयोजित किए गए। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के 3 विद्यार्थियों को अंतिम रूप से ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किए गए। सभी चयनित को कंपनी ने नोएडा स्थित अपने ऑफिस ज्वाइन करने के लिए आमंत्रित किया है। चयनित विद्यार्थी में एमबीए की श्रेया भाटिया व बीबीए के प्रियांक जैन व रिया जैन शामिल हैं। इस अवसर पर टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट का उद्देश्य हमेशा इंडस्ट्री की मांग के अनुसार बेहतरीन मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स को तैयार कर अच्छी जॉब दिलाना है। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि. डायरेक्टर आकाश भटनागर ने चयनित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई दी।

# मतदान कर्मियों की आज ट्रेनिंग होगी

मुरादाबाद -एमएलसी चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। बुधवार को ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट एमपी सिंह ने बताया कि मुरादबाद में नो पोलिंग पार्टियों मे जाने वाले सभी मतदान कर्मियों को ट्रेनिंग देकर दक्ष किया जाएगा। निषपक्ष, पारदर्शी चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। कहीं किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। इसके लिए लगातार मानीटरिंग की जा रही है।

# स्टेशन पर नई पार्किंग पर यात्री खड़े कर सकेंगे वाहन

मुरादाबाद -मुरादाबाद। मुरादाबाद स्टेशन पर नई पार्किंग की तैयारी शुरु हो गई है। सात सौ वर्ग मीटर जगह पर एक साथ दो सौ दोपहिया व चौपहिया वाहन खड़ें हो सकेंगे। इससे परिसर में बेतरतीब खड़े होने वाले वाहन यात्री व रेल प्रशासन के लिए परेशानी का सबब नहीं बनेंगे। नई पार्किंग का फायदा यह कि यात्री यहां वाहन खड़ाकर तत्काल प्लेटफार्म एक पर आसानी से पहुंच सकेगा। मुरादाबाद में रेलवे स्टेशन पर अब जहां तहां वाहन नहीं खड़े होंगे। रेल प्रशासन ने स्टेशन परिसर के लिए यात्रियों के लिए पार्किंग व्यवस्था को संवारा है। मुरादाबाद में अभी तक तीन पार्किंग स्थल है। इन पर सीमित जगह होने से यात्री से लेकर रेलवे स्टाफ का परिसर में इधर उधर गाड़ी को खड़ा करना पड़ता था। पर अब परिसर में जहां तहां वाहन खड़े नहीं होंगे। मंडल रेलवे ने पार्किंग के लिए नई जगह चयनित की है। पहले संचालित पार्किंग व कुली वाले स्थान को हटाकर नए रुप में विकसित किया जा रहा है। नई पार्किंग के लिए रेलवे ने दूसरा रास्ता तैयार किया है। स्टेशन पर मुख्य एंट्री से अलग दूसरे प्रवेश द्वार पर खाली जगह पर नई पार्किंग बनेगी। मंगलवार को इस पार्किंग की तैयारी पर जमीनी तैयारी होने लगी। खास यह कि यह रास्ता सीधे प्लेटफार्म एक तक पहुंचता है।

## परिसर में प्रीमियम के संग कामर्शियल पार्किंग

प्लेटफार्म के सामने गांधी प्रतिमा के आसपास अभी प्रीमियम पार्किंग संचालित है। पर आने वाले दिनों में टैक्सी, ई रिक्शा आदि के लिए कामर्शियल पार्किंग को भी विकसित किया जा रहा है। इससे ट्रेन यात्रियों को कामर्शियल वाहन के लिए कहीं ओर भटकना नहीं पड़ेगा।

अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Infection increased in china

Corona is not ready to give up the chase yet. There has been a reduction in infections in most areas of the world, but we are still far from complete relief. See the irony, when India has a total of 12,575 active cases, then China is reporting more than 13,000 cases daily. The infection in China is desperate to reach what height, but it has to be praised that it has strictly stopped its spread to a great extent. What has spread in China is a new type of oomicron, while India seems to have emerged from the clutches of infection. The Ministry of Health and Family Welfare, Government of India, has said that the number of daily new infections on Monday fell below the 1,000 mark after 715 days. Also, the number of active cases has come down below the 13,000 mark after a gap of 714 days. The number of people who have recovered from the disease in India has exceeded 4,24,95,089. India is breathing a sigh of relief after two years, despite not taking extreme measures like China. The patience of Chinese citizens is being tested amidst the current wave of infection and the stringent restrictions imposed. Keep in mind, this is a time when much of the world has reopened, but many cities in China are in partial or complete lockdown. China does not want to lax like Western countries by easing the lockdown. There work has also been disrupted and the economy has suffered. However, it is a good thing that the number of deaths is controlled. About 70 percent of China's cases are in Shanghai city alone, about 25 million people have been investigated in a hurry. The Chinese government is trying to control the infection as soon as possible. With more than 8,000 infected in Shanghai alone, China is conducting a war footing of its citizens for prevention. According to an estimate, more than 25 million people are quarantined in Shanghai itself. All modes of transport have been suspended in the city of Sanya to prevent the spread of Kovid. Initially, the plan was to run the lockdown for only four days, but its time is continuously increasing. There is a shortage of fresh food.“Chinese officials are also taking strictness because China had successfully used the zero covid strategy for a long time. Once upon a time, China used to give advice to the suffering countries of the world. In some countries, China had even made a mockery of the infection. Many videos of Safe and Healthy China were broadcast around the world. China was considered ideal that it did not allow the spread of Kovid in its place, but fresh infections have stained China. How can we forget, China is the only country where the corona virus was first detected in Wuhan at the end of 2019. However, the world has not been able to know how, where the corona originated, because China gave the feeling of being in a different world. Until last March, it had successfully kept daily cases down to triple digits with local lockdowns, mass testing and travel restrictions. But when the streets of Shanghai are deserted due to infection, then India should also be careful and learn from the experience of China.


## When Deepika Padukone decided to quit badminton to become an actress at the age of 16, she said- 'Chase your happiness'




Actress Deepika Padukone, who made a place in the hearts of people with her tremendous acting, was recently honored with the 100 Time Impact Award at an awards show held in Dubai on March 28 for her contribution to cinema and spreading awareness about mental health. has been awarded. Now Deepika Padukone has shared a video from the award show on her Instagram, in which she is telling when she felt that she decided to quit badminton and become an actress. She says in the beginning of the video, when I was 16 years old, I decided to make my career as an actor because I didn't make it as a badminton player and I never thought that I would be 20. Years later, I will stand here to receive the Time 100 Impact Award. When you chase your happiness, you put yourself on a path that lasts forever. So enjoy your happiness. Fear not, the doors will open. When you don't know. Upcoming films of Deepika Padukone - On the other hand, if we talk about her workfront, then she is going to be seen in the most awaited film Pathan. Shah Rukh Khan is going to be seen in the lead role in this film. However, the filmmakers have not disclosed about Deepika's role. Apart from Shah Rukh Khan and Deepika Padukone, Pathan will also be seen in actor John Abraham. Apart from Pathan, the actress will also be seen in the lead role in the project, The Intern, Fighter. She will share the screen with Prabhas and Amitabh Bachchan in 'Project K'. So right there, Hrithik will be seen with Roshan in 'Fighter'.

## Big update for the fans of Ranbir Kapoor and Alia Bhatt, the wedding rituals of both will start from this day.

The news of Ranbir Kapoor and Alia Bhatt's wedding has been in the news for a while now. New updates keep coming every day regarding the marriage of both. However, none of Ranbir and Alia has given any update regarding the marriage so far. Neither have they confirmed that they are getting married in April. Although the fans want to know every information related to their marriage. So now the new news has come about the marriage of both of them, according to them, the dates of their wedding functions have been told. According to reports, the health of Alia's maternal grandfather is very bad. He is very serious and hence the Bhatt family wants Ranbir and Alia to get married soon. His maternal grandfather wants to see Aaliya getting married. Ranbir's Bachelor Party - According to reports, Ranbir will have a bachelor party with his friends before the wedding, which will include Arjun Kapoor, Aditya Roy Kapoor and Ayan Mukerji. Will not be able to go on honeymoon - Ranbir and Alia have many films ready for release. Both will be busy shooting for their films immediately after marriage, so both will not be able to go on honeymoon. However, after finishing the work, both will plan their honeymoon again.





आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## पूर्व जिपंअ के खिलाफ अवैध कब्जे की शिकायत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एमएलसी आशीष यादव के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण 26 ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन सदर तहसील क्षेत्र के गांव आसपुर, पुरांव और लालडुंडवारा गांवों के ग्रामीण सोमवार को जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल से मिले और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए शिकायत की। ग्रामीण एमएलसी आशीष यादव के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे थे। जिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दोपहर के वक्त एमएलसी के नेतृत्व में 26 ग्रामीण डीएम से मिलने पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन भी साथ थे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जबकि इस जमीन के वे मालिक हैं। ग्रामीणों ने शिकायत में कहा है कि उनके साथ नाइंसाफी हो रही है, उनकी जमीन अवैध कब्जों से मुक्त कराई जाए। जिन ग्रामीणों ने शिकायत की है उनमें गांव पुरांव के फुलवारी, सूरजपाल, राजपाल, श्रीनिवास तथा लालडुंडवारा के गुरुदयाल, मुंशीलाल, संजू, नवाब सिंह, रूप सिंह, राजकिशोर, रामगोपाल, कमल सिंह, सुग्रीव व आसपुर के गीतम सिंह, सहीक, गुड्डू आदि शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। डीएम से मुलाकात करने के बाद ग्रामीण एसडीएम शिव कुमार से भी मिले। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों ने शिकायत की है, जांच कर मामले का निस्तारण किया जाएगा।

## लूटी गई राफइलों के लिए पुलिस खोज रही मालखाने

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पिछले तीन वर्षों से पुलिस के अधिकारी थाना राइफल गायब होने की जांच कर रहे है। पुलिस को राइफल संबंधी सुराग नहीं मिल सके। जबकि राइफल 25 वर्ष पहले जैथरा में पड़ी डकैती के दौरान कांस्टेबल की हत्या कर लूट ली थी। इस मामले में मुकदमा तो दर्ज हुआ था, लेकिन पुलिस के छह विवेचक इस मामले का खुलासा नहीं कर सके थे। एक वर्ष से अधिक समय तक जांच के बाद इस मामले में एफआर लगा दी गई थी जैथरा में 12 जनवरी 1997 में राजेश गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ता के यहां डकैती पड़ी थी। डकैतों की संख्या 10 से 12 के बीच रही होगी। डकैती की आवाज थाना पुलिस भी पहुंच गई थी। बदमाशों को यह आहट हो गई कि पुलिस ने घेर लिया है ऐसे में बदमाशों और पुलिस के बीच फायरिंग शुरू हो गई थी। बदमाशों की ओर से चलाई गई गोलियों में थाना जैथरा में तैनात रहे कांस्टेबल गजराज सिंह और व्यापारी सुरेश की हत्या कर दी गई थी। होमगार्ड सत्यप्रकाश घायल हो गए थे। बदमाशों ने इस घटना में डकैती के अलावा पुलिस की दो राइफलें लूट ली थी। इस मामले की रिपोर्ट मृतक सुरेश के भाई राजेश गुप्ता ने मुकदमा दर्ज कराया थी। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीमें भी लगाई है। इस मामले की विवेचना थाना पर तैनात रहे दरोगा पीवी सिंह, राजकुमार, आईडी शर्मा, आरएस द्विवेदी सहित छह पुलिस अधिकारियों को दी गई। इसमें से किसी भी विवेचक ने घटना का खुलासा नहीं किया। पांच नंबर 1998 इस डकैती और हत्या के मामले में पुलिस की ओर से एफआर लगा दी गई। जिस डकैती में सिपाही सहित दो लोगों की हत्या हुई हो और सरकारी राइफलें लूटी गई हो उस मामले में एफआर देख अब के अधिकारी हैरान है। आखिर इस मामले पुलिस की ओर से कोई रुचि नहीं दिखाई दी। यह राइफलें आज तक मिली ही नहीं है। थाना में भी वहीं राइफलें कम चली आ रही है। राइफल कम होने के मामले में थाना जैथरा में दो दिन पहले मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस कार्यालय के लिपिकों सहित तीन लोगों पर दर्ज कराया गया है। जबकि जांच करने वाले अधिकारियों ने डकैती वाली घटना पर ध्यान ही नहीं दिया।

» वर्ष 1997 में जैथरा में पड़ी डकैती में कांस्टेबल की हत्या कर एवं होमगार्ड को घायल कर डकैत दो सरकारी राइफल लूट ले गए थे। इस मामले की थाना पर रिपोर्ट दर्ज है। यह राइफलें अभी मिल नहीं सकी है।-सुधीर राघव, थानाध्यक्ष जैथरा

### डकैत मौके पर भूल गए थे लाइसेंसी बंदूक

जो बदमाश जैथरा में डकैती डालने के लिए आए थे। पुलिस मुठभेड के समय अपनी एक लाइसेंसी बंदूक भूल गए। यह बंदूक आज भी जमा बताई जा रही है। इस लाइसेंसी बंदूक पर उसका नंबर भी दर्ज है। अगर पुलिस की ओर से इस मामले में बंदूक के सहारे जांच की गई होती तो शायद सफलता मिल सकती थी।

» इस संबंध में जानकारी मिली है कि राइफल डकैती में चली गई थी। इस मामले की विधिक राय मांगी जा रही है कि इसमें क्या हो सकता है। अगर इस मामले की विवेचना संभव हुई तो कराई जाएगी।-धनजय कुशवाह, एएसपी एटा

## पंचायत भवन पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अलीगंज का था अवैध कब्जा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह ने तीन स्थानों पर राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ भ्रमण कर सरकारी भूमि से अवैध कब्जे को हटवाया है। एसडीएम ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में तहसील क्षेत्र में चकरोड, ग्राम सभा, तालाब आदि अन्य विभिन्न प्रकार की सरकारी भूमियों को अभियान चलाकर कब्जामुक्त कराया जा रहा है। एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि अलीगंज ने सोमवार को ग्राम नगला बल्लभ परगना आजमनगर की गाटा संख्या 118 रकबा 4.549 हेक्टेयर भूमि जो अखिलेखों में चरागाह दर्ज है। इसकी तहसीलदार अलीगंज राकेश कुमार, नायब तहसीलदार विक्रम सिंह, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल तथा पुलिस बल की उपस्थिति में निशानदेही कर दी गई है। इस भूमि में से 0.931 हेक्टेयर जिस पर अवैध कब्जा था, उसे हटवाया गया है। एसडीएम अलीगंज ने बताया कि पुराहार बुलाकीनगर के गाटा संख्या 344 व 312 में स्थित क्षेत्रफल क्रमशः 0.072 हेक्टेयर व 0.445 हेक्टेयर भूमि ग्राम सभा व ऊसर को राजस्व, पुलिस टीम की ओर से कब्जामुक्त कराया गया। इसके साथ ही पुराहार बुलाकीनगर में ही नवीन पंचायत भवन जिस पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ओमपाल सिंह का अवैध कब्जा था। इसको कब्जामुक्त कराकर ग्राम प्रधान एवं सचिव को सुपुर्द किया गया। पंचायत भवन के सामने मंडी समिति के शेड पर भी उक्त से अवैध कब्जा मुक्त कराते हुए बिना परमिट चल रही मशीन को जब्त किया गया। एसडीएम ने बताया कि अलीगंज क्षेत्र में यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

WWW.KNLSLIVE.COM

## 14 साल बाद एक बार फिर अपहृत सत्यराम निकलेगा फाइलों से

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- 14 साल बाद एक बार फिर अपहृत सत्यराम प्रकरण बंद फाइल से बाहर निकलकर आएगा। सत्यराम की पत्नी ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि थाना जैथरा के गांव दौलतपुर निवासी सत्यराम सिंह 16 सितंबर 2008 को लापता हो गया था। उसके बाद से उसका पता नहीं चला था। बाद में पत्नी मुन्नी देवी ने गांव के ही कश्मीर सिंह, कृपाल आदि पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान विवेचक ने 35 दिन में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। कोर्ट के आदेश पर फिर से जांच शुरू हुई। कई विवेचकों ने मामले की जांच की थी सत्यराम का पता नहीं चला था। कुछ साल बाद मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था। कई बार इसकी विवेचना बदलती रही थी। सत्यराम का मामला एक बार फिर से बाहर आ गया है। अपहृत की पत्नी मुन्नी देवी ने एसएसपी से शिकायत की है और कोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों के वारंट भी जारी किए गए है। पीड़ित ने पूर्व में पारित आदेश एसएसपी से जारी करने की मांग की है।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## करीब 38 वर्षों से दिल्ली में छुपकर रह रहा एनबीडब्ल्यू वारंटशुदा अभियुक्त चढ़ा कोतवाली नगर पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में करीब 38 वर्षों से दिल्ली में छुपकर रह रहा एनबीडब्ल्यू वारंटशुदा अभियुक्त चढ़ा कोतवाली नगर पुलिस के हत्थे, भेजा जेल। कृपया अवगत कराना है कि माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज में लंबित दांडिक अपील के एनबीडब्ल्यू वारंटशुदा अभियुक्त तार बाबू उर्फ ताराचंद पुत्र रामसनेही निवासी मोहल्ला कटरा थाना कोतवाली नगर एटा जो थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुअसं - 49/1982 धारा 363 भादंवि में करीब 38 सालों से फरार चल रहा था को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 04.04.2022 को गोविंदपुरी थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली स्थित उसके मकान से समय करीब 13:20 बजे गिरफ्तार किया गया है। ज्ञातव्य है कि अभियुक्त द्वारा वर्ष 1982 एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें स्थानीय पुलिस द्वारा घटना के कुछ समय बाद ही अपहृता को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, अभियुक्त द्वारा माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज में अपील दाखिल कर बेल प्राप्त की गई थी, और तभी से फरार चल रहा था, माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारंट पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# CM भूपेश की बड़ी घोषणा, विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाएं फ्री, स्टूडेंट्स को अब नहीं देनी होगी फीस



छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड बस्तर और सरगुजा के परीक्षा शुल्क माफी की घोषणा कर दी है। अब किसी भी परीक्षार्थी को कोई शुल्क अदा करने की जरूरत नहीं होगी। एनएसयूआई ने सीएम से यह मांग की थी। मंगलवार को सीएम भूपेश ने कहा कि कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में जो परीक्षा देंगे उन छात्र-छात्राओं से परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। बेरोजगारों के लिए सीएम की यह बड़ी घोषणा है। सीएम ने इससे पहले व्यापमं और पीएससी में फीस माफ करने की घोषणा कर चुके हैं। खैरागढ़ उपचुनाव को लेकर सीएम बघेल ने कहा कि भाजपा दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों को बुला रहे हैं। मतलब साफ है कि खैरागढ़ उपचुनाव हार गए हैं। सीएम ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि टावर नहीं है और मोबाइल बांट दिए गए। भाजपा को यह बताना चाहिए कि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम क्यों बढ़ रहे हैं। उज्वला गैस के दाम बढ़ रहे हैं, इसलिए लोग गैस का उपयोग करना बंद कर रहे हैं। सब्सिडी भी नहीं आ रही है। सीएम भूपेश ने कहा कि गरीब लोग मिट्टी तेल का उपयोग कर रहे थे, उसका कोटा भी काट दिया गया। केरोसिन 75 रुपये लीटर हो गया है। गरीब जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है। केंद्र की मोदी सरकार जनता के साथ नाइंसाफी कर रही है। रणनीति के तहत दाम को बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी, गरीबों के लिए कितना संवेदनशील है, इससे पता चल रहा है।

### जनता को परेशान कर रही केंद्र की मोदी सरकार

सीएम भूपेश ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे से सिर्फ पैसा कमाना चाहती है। यहां के जोन से करोड़ों रुपये कमा रही है, लेकिन नागरिक सुविधाओं को बंद किया जा रहा है। 10 पैसेंजर ट्रेन चल रही थी, उसको भी बंद कर दिया गया।

## कलेक्टर व एसपी ने लिया कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियों का जायजा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने मां कुदरगढ़ी महोत्सव का जायजा लिया। जहां उन्होंने कार्यक्रम स्थल में बैठक व्यवस्था के लिए जनप्रतिनिधि, मीडिया, अधिकारी, कर्मचारी एवं आम जनता के लिए बैठक व्यवस्था के लिए पर्याप्त कुर्सियां उपलब्ध कर व्यवस्थित रखने के निर्देश दिया है। इस संयुक्त कलेक्टर श्री शिव बनर्जी, एसडीएम प्रकाश सिंह राजपूत, एसडीओपी श्रीमती गीता वाधवानी, ट्रस्ट अध्यक्ष श्री भुवन भास्कर सिंह, ट्रस्ट के सदस्य, प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, पानी व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था का अवलोकन कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गर्मी मौसम को देखते हुए सभी स्थलों पर पानी की पियाऊ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## कार्य से अनुपस्थित 9 शिक्षकों पर अवैतनिक की कार्रवाई

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने कार्य से अनुपस्थित पाए जाने पर 9 शिक्षकों के ऊपर अवैतनिक की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने एवं विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए जिले में नियमित रूप से जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, संकुल केंद्र प्रभारी एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। इन अधिकारियों के द्वारा प्रत्येक विद्यालय में पहुंचकर शिक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन किया जा रहा है एवं अनुपस्थित शिक्षको पर कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षक के दौरान आज विकासखण्ड गौरेला में 5, पेण्ड्रा में 2 एवं मरवाही में 2 शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थिति शिक्षकों को अवैतनिक किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# आज सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ धाम में भव्य महोत्सव की शुरुआत, नामचीन कलाकार लगायेंगे चार चांद




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-जिले में भी इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर कुदरगढ़ देवी धाम में भव्य महोत्सव की शुरुआत की जा रही है। यह तीन दिवसीय आयोजन शाम 6 बजे से 6, 7 एवं 8 अप्रैल को होगा। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ नामचीन कलाकारों की भी मौजूदगी होगी। आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कुदरगढ़ पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी बेहतर कार्य निष्पादन कर महोत्सव को भव्य, आकर्षक और प्रभावी बनाएं। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से कुदरगढ़ महोत्सव पहुंचकर आकर्षक कार्यक्रम का आनंद लेने आग्रह किया है। महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने की हो रही तैयारी- कुदरगढ़ महोत्सव को भव्य, प्रभावी और आकर्षक बनाने के लिए जिला प्रशासन गंभीर नजर आ रहा हैं। जिला पंचायत सीईओ राहुल देव की उपस्थिति में अधिकारियों की बैठक लेकर कलेक्टर ने कहा कि महोत्सव में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो, पुलिस की तैनाती पर्याप्त रखें, पुलिस सुरक्षा में यह भी ध्यान रखें कि अनावश्यक किसी को परेशानी न हो, महोत्सव ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारी भी परिवार के साथ बैठकर महोत्सव का आनंद ले पाए। स्थानीय कलाकारों के साथ नामचीन कलाकार लगायेंगे चार चांद- कुदरगढ़ महोत्सव में 6 अप्रैल को मानसगायन प्रतियोगिता, म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ी लोक गायक पद्मश्री अनुज शर्मा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति, 7 अप्रैल को कला केन्द्र सूरजपुर की प्रस्तुति, पारंपरिक रैम्प वाक, कवि समेलन ( पद्मश्री सुनील जोगी, दिनेश रघुवंशी, दिनेश दीगज, अंकिता सिंह, अमन, अक्षर, गजेंद्र, प्रियांशु, बलजीत कौर, पद्मलोचन मुंहफट, श्याम कश्यप बेचौन, इसी प्रकार 8 अप्रैल को शिव तांडव एवं लेजर लाइट शो, छत्तीसगढ़ी लोक गायक स्तुति जायसवाल एवं संजय सुरीला द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

# बच्चों का कुपोषण दूर करना हम सब का दायित्व - परियोजना निदेशक



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- जिले में सुपोषण अभियान संचालित करने के लिए परियोजना निदेशक श्री आर.के.खुटे ने गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के सरपंच, सचिवों की बैठक ली । बैठक में जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वालों बच्चों के कुपोषण के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी तथा परियोजना निदेशक श्री खुटे द्वारा सरपंच, सचिवों के बीच पायलट पोजेक्ट के रूप में बच्चों के कुपोषण दूर करने के लिए सप्ताह में एक दिन केला, एक दिन अण्डा और एक दिन खीर खिलाएं जाने का प्रस्ताव रखा गया। इस संबंध में सरपंचो द्वारा अपनी सहमती दी गयी । बैठक में सरपंच सचिवो द्वारा भी जिले में सुपोषण अभियान के बेहतर संचालन के लिए अपने सुझाव रखे गये। इसके साथ ही बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना, पेंशन, मजदूरी, मजदूरी भुगतान, गांवों में बैंक सखी के माध्यम से भुगतान करने, गौठानों में मल्टीएक्टीविटी के कार्य करने, वर्मी कम्पोस्ट विक्रय करने, शौचालयों के निर्माण समय पर पूर्ण करने, ठोस तरल एवं अपषिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, मनरेगा के तहत् रोजगार मूलक कार्यों के प्रस्ताव, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अपूर्ण निर्माण कार्य को पूर्ण करने, आंगनबाडी, पंचायत, स्कूल, अस्पतालों में रनिंग वॉटर के कार्य सुनिश्चित करने आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की गयी । बैठक में कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# बिजली के खतरे के बीच बन रहा छात्रावास के संबंध में स्पष्टीकरण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- ग्राम मरवाही में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास का निर्माणाधीन कन्या छात्रावास परिसर में पूर्व से स्थापित 11 केवी विद्युत पोल एवं लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करने प्राक्कलन राशि 179598 रुपये का मांग पत्र दिया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा प्राक्कलन राशि का 29 मार्च 2022 को भुगतान कर दिया गया है। शीघ्र ही लाइन एवं पोल शिफ्टिंग कार्य किया जाएगा

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# बसपा नेता अनुपम दुबे और उनके भाई सहित चार के खिलाफ उत्तर-प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रिया

अमरदीप कुशवाह
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - बसपा नेता अनुपम दुबे और उनके भाई सहित चार के खिलाफ उत्तर-प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत 19 करोड़ 45 लाख रूपये की सम्पत्ति कुर्क करनें के आदेश डीएम ने दिये है7 थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा दी गयी आख्या पर पूरी कार्यवाही की गयी है7 अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर भानु भास्कर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के देखरेख में कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है7 इंस्पेक्टर रामनिवास यादव और ठेकेदार समीम हत्याकांड के आरोपी अनुपम दुबे मैनपुरी जेल में निरुद्ध है7 लिहाजा उनके ऊपर गैंगेस्टर व रासुका की कार्यवाही भी हो चुकी है7 पुलिस के अनुसार अनुपम दुबे पर कुल 46 मुकदमें पंजीकृत है7 डब्बन पर 10 केस दर्ज है7 जबकि व्यापारी मोहन अग्रवाल पर जानलेवा हमले में आरोपी अभिषेक रस्तोगी पर 2 और उसके भाई पंकज रस्तोगी पर 2 मुकदमें दर्ज है7 जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने अनुपम दुबे की 9 करोड़ 53 लाख 27 हजार 903 रूपये 29 पैसे, डब्बन दुबे की 9 करोड़ 45 लाख 12 हजार 91 रूपये व 25 पैसे, अभिषेक व पंकज रस्तोगी की 50 लाख 82 हजार 600 सम्पत्ति आंकी है7 जिसको कुर्क किया जायेगा

# राजेपुर सीएचसी के इमादपुर संयुक्त निदेशक ने परखी सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान की जमीनी हकीकत



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- राजेपुर सीएचसी के इमादपुर पमारान,करनपुर दत्त और अमृतपुर का किया निरीक्षण जिले में 4 अप्रैल से सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी जमीनी हकीकत को परखने के लिए मंगलवार को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की कानपुर मंडल की संयुक्त निदेशक डॉ सरोजबाला ने राजेपुर सीएचसी के इमादपुर पमारान, करनपुर दत्त और अमृतपुर का निरीक्षण किया डॉ सरोजबाला ने कुछ घरों में जाकर लोगों से पूछताछ भी की कि क्या आपने अपने बच्चे को टीके लगवा लिए हैं 7 साथ ही मौके पर मौजूद एएनएम से टीका न लगवाने वाले लोगों के बारे में जानकारी की आशा कार्यकर्ता की ड्यू लिस्ट देखी, और अमृतपुर पीएचसी का भ्रमण कर भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी की संयुक्त निदेशक ने कहा - निरीक्षण के दौरान टीम अपना काम करती मिली, जिस भी घर में भ्रमण किया कहीं कोई कमी नहीं मिली और सभी लोग अपने बच्चों के टीके लगवा रहे हैं संयुक्त निदेशक ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई भी अभियान चलाया जाता है वह समाज की जरूरतों को देखकर होता है कोई भी अभियान तभी सफल होता है जब समाज उसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रभात वर्मा ने कहा - अभी तक जिले में अभियान के दौरान 3103 बच्चों और 899 गर्भवती महिलाओं के टीके लगा दिए गए हैं 7 यह अभियान 11 अप्रैल तक चलेगा इस दौरान लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा 7 इस दौरान सीएचसी राजेपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमित राजपूत मौजूद रहे

# फिर आया लवजिहाद का मामला सामने लव जिहाद थमने का नाम नहीं ले रहा है



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- बरेली में आज दिनाँक 5.4.2022 को लव जिहाद पीड़िता ने मांगी करणी सेना से मदद के लिए जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन इसी कड़ी में पीड़िता को एस एस पी बरेली के पास तहरीर दिलाकर कराया पेस एस एस पी बरेली ने तुरन्त एफ आई आर लिखने के दिए आदेश पुलिस कर रही है आरोपी की तलाश जल्द होगा खुलासा बरेली। शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में लव ज़िहाद का एक और नया मामला सामने आने से हलचल मच गयी है, मणिनाथ निवासी पीड़िता चौकी चौराहे स्थित एक्सिस बैंक के लोन सेक्शन में विगत कुछ समय से कम कर रही थी वहीं ऑपरेशन सेक्शन में काम करने वाले रफत हुसैन क़ादरी निवासी हाउस न. 27, चौधरी गंज फिश मार्केट घंटाघर बदायूं ने नाम बदल कर पहले उससे दोस्ती की फिर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा कर शादी कर ली, शादी के कुछ वक्त बाद एक दिन क़ादरी के मोबाइल पर उसके असली परिवार के फोटोज देख कर पीड़िता को हक़ीक़त पता लगी तो विरोध करने पर उसे मारा पीटा गया व उसपर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला जाने लगा। यहाँ तक कि क़ादरी द्वारा उसे गाड़ी से कुचलने के भी प्रयास किया व साथ ही साथ ये भी धमकी दी कि पुलिस के पास शिकायत करने कि कोशिश कि तो मैं जान से मार दूंगा। पीड़िता ने एक दिन मौका देख कर 112 नंबर पर पुलिस को इत्तला दी तब से अभ्युक्त फ़रार है पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बन्नाखेड़ा क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध खनन में 03 ट्रैक्टर ट्रॉली को किया सीज



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर -पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बन्नाखेड़ा क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध खनन में 03 ट्रैक्टर ट्रॉली को किया सीज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर महोदय द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 5 अप्रैल 2022 को पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा फौजी घाट बन्ना खेड़ा से 03 ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध खनन पकड़ कर वन विभाग परिसर बन्ना खेड़ा में खड़ी कर वन विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई।

# 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना सिरसिया पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा गश्त के दौरान अभियुक्त सुरेंद्र पासवान पुत्र रण बहादुर पासवान निवासी कधई पुरवा दाखिला मोतीपुर कला थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ राजपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया ।

# अपहृता सकुशल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा थाना सोनवा मय हमराही टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बरदेहरा मोड़ से मु0अ0स0 35/2022 धारा 363,342,406,323,506 आईपीसी व 7/8 पोक्सो एक्ट से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा अभियुक्त मुनेश पुत्र राम प्रसाद जयसवाल निवासी धूमबोझी थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को किया गया।

# आर्यावर्त ग्रामीण बैंक ऑफ जरारी में नहीं रहा कैश खाता धारक दिखे निराश



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- ब्लॉक के सबसे बड़े गांव जरारी की ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त जरारी में कैश ना होने की वजह से खाताधारकों में मची अफरा-तफरी वहीं ग्राहकों को बैंक से बिना पैसा लिए निराश होकर घर वापस लौटना पड़ा खाताधारकों ने कहां गर्मी की तपिश में खाताधारक को एक बार आना तो मुश्किल है दो दो बार कैसे आएगा खाताधारकों का कहना है ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त जरारी में हमेशा पैसे की दिक्कत रहती है जब पैसा निकालने आओ तो कैश उपलब्ध नहीं होता है वही ज्यादा भीड़ होने के कारण खाताधारकों को बैंक के बाहर ही बैठने को कहा गया इसलिए खाताधारकों में निराशा देखने को मिली वही बैंक मैनेजर ने बताया की बैंक को जैसे ही कैश उपलब्ध होगा वैसे ही हम ग्राहकों को पैसा बांट देंगे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि एवं भूमि संरक्षण कार्यालय,विभाग के एकल कक्ष में संचालित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर - मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगांई ने आज प्रातः 10.10 बजे विकास भवन स्थित कृषि एवं भूमि संरक्षण कार्यालय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बहुउद्देश्य वित्त एवं विकास निगम, आत्मा परियोजना, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास तथा उद्यान विभाग के एकल कक्ष में संचालित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग के वरिष्ठ सहायक, अर्थ एवं संख्या विभाग के तीन अपर सांख्यिकीय अधिकारी, एक प्रवर सहायक, एक अनुसेवक दो कम्प्यूटर सहायक व दो पीआरडी स्वंय सेवक अनुपस्थित पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को दिये। उन्होने सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि अनुपस्थित कार्मिकों का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुये अपनी संस्तुति सहित इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में अभिलेखों का रख-रखाव, सफाई व्यवस्था, अल्मारियों में क्रमांक अंकित नही होना, अल्मारियों के अन्दर रखे अभिलेखों का सूक्ष्म विवरण मुख्य भाग में अंकित नही होने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन स्थित समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये कहा कि कहा कि समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण पारदर्शिता के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें एवं निर्धारित समय के उपरांत ही कार्यालय से प्रस्थान करें। उन्होने कहा कि कार्यालय अवधि में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये जाने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी की होगी। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि कार्यालयों की सफाई व्यवस्था एवं समस्त अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित कराने हेतु अभियान के रूप में कार्य करें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में दिये गये निर्देशों का अनुपालन गम्भीरता पूर्वक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विकास भवन परिसर एवं विकास भवन स्थित कैन्टीन के पीछे अनुपयोगी भूमि में सफाई कराते हुए परिसर का सौन्दर्यकरण करने के निर्देश मुख्य उद्यान अधिकारी को दिये।

## उधमसिंहनगर पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार, पत्नी के साथ मारपीट व उत्पीड़न का था आरोपी

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




रुद्रपुर -पुलिस कार्यवाही से बचने हेतु विदेश( कुवैत ) भाग रहे अभियुक्त को लुकआउट नोटिस जारी कर उधमसिंहनगर पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार, पत्नी के साथ मारपीट व उत्पीड़न का था आरोपी। दिनांक 24 फरवरी 2022 को थाना ट्रांजिट कैंप में वादिनी कुलदीप कौर पत्नी हरविंदर सिंह निवासी चंद्रा एनक्लेव फेस-2 थाना ट्रांजिट कैंप द्वारा अपने पति हरविंदर पुत्र अमीर सिंह निवासी राजपुर लतीफपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश द्वारा मारपीट किए जाने व दहेज की मांग को लेकर तथा वर्ष 2015 में शादी होने के उपरांत उसे कोई खर्चा न दिए जाना आदि के आरोप लगाए गए। महिला उत्पीड़न का प्रकरण होने के कारण उक्त प्रार्थना पत्र पर महिला हेल्पलाइन द्वारा काउंसलिंग हेतु दोनों को दिनांक 5 मार्च 2022 को बुलाया गया। जिसमें पति के न आने के कारण अग्रिम तिथि 15 मार्च 2022 रखी गई। जिसमें भी उसका पति नहीं आया। इसके उपरांत अग्रिम तिथि 29 मार्च 2022 को दी गई जिसमें महिला द्वारा बताया गया कि उसका पति पुलिस कार्यवाही से बचने हेतु विदेश भागने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अधीक्षक उधमसिंहनगर डॉ मंजूनाथ टीसी महोदय द्वारा त्वरित इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए इसका लुक आउट सर्कुलर दिनांक 1 अप्रैल 2022 को जारी किया गया। जिसके आधार पर दिनांक 4 अप्रैल 2022 को इमीग्रेशन नई दिल्ली द्वारा हरविंदर सिंह उपरोक्त को विदेश भागने के दौरान उक्त लुकआउट नोटिस के आधार पर रोक कर हमें सूचित किया गया। तत्काल टीम गठित कर उसे दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट से उसे हिरासत में लाया गया। इसके विरुद्ध थाना ट्रांजिट कैंप में मुकदमा अपराध संख्या 120 धारा 323/504/498 ए व दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त व्यक्ति कुवैत पब्लिक ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्य करता था। जो आईजीआई एयरपोर्ट से पुनः विदेश जाने की फिराक में था। वर्ष 2015 में शादी के उपरांत हरविंदर सिंह वह इसकी पत्नी के मध्य घरेलू विवाद बने रहे थे। जिसमें वर्ष 2019 से 2022 तक यह विदेश में ही कार्य करता था तथा यदा-कदा अपने घर सहारनपुर आता था। ससुराल वालों द्वारा इसकी पत्नी को उसके मायके ट्रांजिट कैंप में छोड़ दिया गया था। घरेलू हिंसा का प्रकरण होने के कारण तथा महिला हेल्पलाइन की काउंसलिंग में सूचित करने के उपरांत भी न आने तथा चुपचाप विदेश भागने के कारण इसे एलओसी के माध्यम से गिरफ्तार किया गया।

## कृषकों की आय बढ़ाने में दोनों केंद्रीय योजनाएं मददगार साबित होंगी-जिलाधिकारी

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर - जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) निर्माण, संवर्धन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की ली। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि इन महत्वपूर्ण योजनाओं से जहां जिले में कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्र का विकास होगा साथ ही इसके अलावा कई नई कृषि आधारभूत संरचनाओं का भी सृजन एवं संवर्धन होगा। कृषकों की आय बढ़ाने में दोनों केंद्रीय योजनाएं मददगार साबित होंगी। जिलाधिकारी ने डीडीएम नाबार्ड को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रथम वर्ष की एफपीओ गठन की उपलब्धियां सूचीवार बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चत करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि संगठनों के लिए बनाए जा रहे बिजनेस प्लान को भी आगामी बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि कृषि से सम्बन्धित रेखीय विभागों के अधिकारियों से भी सुझाव लेते हुए उनके उनके महत्वपूर्ण सुझाव भी बिजनेस प्लान में शामिल किये जा सकें। डीडीएम नाबार्ड राजीव प्रियदर्शी ने बताया कि सेन्ट्रल सैक्टर स्कीम के अन्तर्गत जनपद में कृषक उत्पाक संगठन बनाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफपीओ का गठन कार्य पांच वर्षो में पूरा होगा। प्रथम वर्ष में बेस लाइन सर्वे, किसानों का चयन किया जायेगा साथ ही एफपीओ का रजिस्ट्रेशन कम्पनी अधिनियम या सोसाईटी अधिनियम के अन्तर्गत किया जायेगा। इन संगठनों के काम को सम्पादित करने के लिए एफपीओ के सीईओ का चयन किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगाई, जिला विकास अधिकारी डॉ.महेश कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, मुख्य पशुपालन अधिकारी डॉ.जीएस धामी, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।सूचित करने के उपरांत भी न आने तथा चुपचाप विदेश भागने के कारण इसे एलओसी के माध्यम से गिरफ्तार किया गया।

## 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 01 व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर महोदय द्वारा जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 5 अप्रैल 2022 को बन्नाखेड़ा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राजा राम पुत्र राम प्रसाद निवासी श्यामलाल कॉलोनी बन्ना खेड़ा थाना बाजपुर जिला उधम सिंह नगर को 81 पाउच लगभग 30 लीटर कच्ची शराब खाम के साथ फतेह पेट्रोल पंप के पास बन्नाखेड़ा से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरुद्ध थाना बाजपुर में मुकदमा एफ आई आर नंबर 135/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम राजा राम पंजीकृत किया गया


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com